संख्या–850 / 71–3–2006–के0जी0–18 / 99टी0सी0

प्रेषक,

जावेद एहतेशाम,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
लखनऊ ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 31 मार्च, 2006

विषयः–किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ में सर्जिकल आंकोलाजी विभाग की स्थापना हेतु पदों के सृजन एवं उपकरणों आदि के क्रय हेतु धनराशि की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

..............

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–1706 / जी0ए0 / वी0सी0, दिनांक 20–02–2006 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ में सर्जिकल आंकोलाजी विभाग की स्थापना हेतु संलग्नक में अंकित विवरण के अनुसार विभिन्न श्रेणियों के शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक कुल 100 पदों को दिनांक 28 फरवरी, 2007 तक सृजन की स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते हैं।

2– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि उक्त सृजित पदों में से सफाई कर्मचारी के 2 पद आपरेशन थियेटर के, 12 पद वार्ड हेतु एवं पोस्ट आपरेटिव इन्टेनिसव केयर वार्ड हेतु 3 पद, कुल 17 पदों को संविदा के आधार पर भरे जाने की सहमति प्रदान की जाती है।

3– उक्त विभाग में संलग्नक–2 में अंकित उपकरणों, फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि के क्रय रू0 83,59,000 / – तथा सृजित हो रहे पदों पर आने वाले व्यय हेतु रू0 71,07,000 / – व कन्टीजेन्सी व्यय हेतु रू0 20,00,000 / –कुल रूपया 1,74,66,000 / – (रू0 एक करोड़ चौहत्तर लाख छाछठ हजार मात्र) की स्वीकृति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं। उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष में सम्भव नहीं है, अतः उक्त स्वीकृत धनराशि कोषागार से आहरित कर वित्त अधिकारी, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के पी0एल0ए0 में रखा जायेगा, जहाँ से दिनांक 30–6–2006 तक आवश्यकतानुसार व्यय किया जायेगा।

4– उक्त पदों पर आने वाले व्यय भार रू0 71,07,000 / – (रू0 इकहत्तर लाख सात हजार मात्र) की स्वीकृति भी प्रदान की जाती है।

5– स्वीकृत धनराशि का उपयोग उस मद में किया जाय जिसके लिए यह धनराशि स्वीकृत की गयी है । किसी अन्य मद में व्यय वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी। उपकरणों आदि का क्रय निर्धारित क्रय प्रक्रिया अपनाते हुए क्रय नियमों का अनुपालन करते हुए किया जायेगा।

6— धनराशि का कोषागार से आहरण वित्त अधिकारी, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा तथा बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे ।

7— उक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2005—2006 में द्वितीय अनुपूरक मॉग के माध्यम से प्राविधानित "अनुदान संख्या—31—चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण) के लेखा शीर्षक "2210—चिकित्सा तथा लोकस्वास्थ्य—आयोजनागत— 05—चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान—105—एलोपैथी —03— शिक्षा—66—किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ की स्थापना के मानक मद—48—पूँजीगत व्यय के लिए सहायक अनुदान के नामे रू0 103.59 लाख तथा मानक मद—43 वेतन भत्तो के लिए सहायक अनुदान के नामे रू0 71.07 लाख डाला जायेगा।

8— यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या—ई0—3/588/दस—2006, दिनांक 31 मार्च, 2006 में दिए गए उनकी सहमति के अनुसार निर्गत किये जा रहे हैं ।

भवदीय,

( जावेद एहतेशाम )
उप सचिव।

संख्या—850(1)/71—3—06—तद्दिनांक—

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2. कोषाधिकारी, लखनऊ ।
3. वित्त अधिकारी, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
4. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ ।
5. विभागाध्यक्ष, सर्जिकल आंकोलाजी विभाग, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
6. वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग—3।
7. नियोजन अनुभाग—4
8. सम्बंधित समीक्षा अधिकारी/गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

( जावेद एहतेशाम )
उप सचिव।

# र्व-5 आंकोलोजी विभाग किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।

र्नक)

(5)

ल आंकालोजी विभाग के विभिन्न अनुमार्गों हेतु मांगे जाने वाले पदों का विवरण।

| पद का नाम | मानक के अनुसार कितने पद होने चाहिये | वर्तमान में स्वीकृत पद | मांगे जाने वाले पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 |
| सर्जिकल आंकोलोजी विभाग के आपरेशन थियेटर हेतु पदों को स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में। | 19 | 10 | 9 |
| सर्जिकल आंकोलोजी वार्ड हेतु पदों को स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में। | 51 | - | 51 |
| सर्जिकल आंकोलोजी विभाग के पोस्ट आपरेटिव इन्टेंसिव केयर वार्ड हेतु पदों को स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में। | 13 | 3 | 10 |
| सर्जिकल आंकोलोजी विभाग हेतु पदों को स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में। | 30 | - | 30 |
| | 113 | 13 | 100 |

सर्जिक.5 आंकोलोजी विभाग किंग



गत (प्रवर्तक)

आंकालोजी विभाग के आपरेशन थियेटर हेतु पदों को स्वीकृत किये जाने के संबंध में।

| पद का नाम | मानक के अनुसार कितने पद होने चाहिये | उपलब्ध पदों की संख्या | मांगे जाने वाले पदों की संख्या | वेतनमान | औचित्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| सिस्टर | 1 | 1 | 0 | 5500-9000 | मेडिकल काउंसिल आफ इन्डिया के मानक के अनुसार सर्जिकल आंकोलोजी विभाग के आपरेशन थियेटर हेतु निम्न प्रस्ताव के अनुसार पदों का सृजन होना चाहिए उक्त आपरेशन थियेटर को संचालित करने हेतु सिस्टर, स्टाफ नर्स, सीनियर ओ.टी. टेक्नीशियन, ओ.टी.टेक्नीशियन, सिक अटेन्डेन्ट, सफाई कर्मचारी एवं धोबी आदि स्टाफ की आवश्यकता है। सिस्टर को अपने समस्त कर्मचारियों के सहयोग से कैंसर से पीड़ित मरीजों के आपरेशन हेतु, आपरेशन थियेटर तैयार करेगी, सीनियर ओ.टी. टेक्नीशियन व ओ.टी. टेक्नीशियन आपरेशन थियेटर में आपरेशन से सम्बन्धित मशीनों का संचालन करेंगे। सिक अटेन्डेन्ट आपरेशन थियेटर में डाक्टर, सिस्टर/स्टाफ व टेक्नीशियन की सहायता करेंगे। सफाई कर्मचारी आपरेशन से पूर्व व आपरेशन के बाद आपरेशन थियेटर की सफाई का कार्य करेंगे। धोबी, आपरेशन के दौरान इस्तेमाल में लाये गये कपड़ों की सफाई का कार्य करेंगे। कृपया सर्जिकल आंकोलोजी विभाग के आपरेशन थियेटर हेतु पद स्वीकृत करने की कृपा करें। |
| स्टाफ नर्स | 4 | 3 | 1 | 5000-8000 | |
| सीनियर टेक्नीशियन | 2 | - | 2 | 4500-7000 | |
| टेक्नीशियन | 3 | 2 | 1 | 4000-6000 | |
| सिक अटेन्डेन्ट | 4 | 2 | 2 | 2550-3200 | |
| सफाई कर्मचारी | 4 | 2 | 2 | 2550-3200 | |
| धोबी | 1 | - | 1 | 2550-3200 | |

(आवर्तक)

आंकालोजी वार्ड हेतु पदों को स्वीकृत किये जाने के संबंध में।

| सं. पद का नाम | मानक के अनुसार कितने पद होने चाहिये | उपलब्ध पदों की संख्या | मांगे जाने वाले पदों की संख्या | वेतनमान | औचित्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| सिस्टर | 3 | 0 | 3 | 5500-9000 | मेडिकल काउंसिल आफ इण्डिया के मानक के अनुसार सर्जिकल आंकोलॉजी वार्ड में निम्न प्रस्ताव के अनुसार पदों का सृजन होना चाहिए उक्त वार्ड को संचालित करने हेतु सिस्टर, स्टाफ नर्स, डायटीशियन टेक्नीशियन, (कीमोथेरेपी) सिक अटेन्डेन्ट, चौकीदारी, धोबी, सफाई कर्मचारी, आदि समस्त कर्मचारी सर्जिकल आंकोलॉजी वार्ड में भरती कैंसर के मरीजों की देखरेख चक्राक्रम में करेंगे। धोबी वार्ड के मरीजों के कपड़ों की सफाई का कार्य करेंगे। कृपया पद सृजित करने का कृपा करें। |
| स्टाफ नर्स | 15 | - | 15 | 5000-8000 | |
| टेक्नीशियन (कीमोथेरेपी) | 3 | - | 3 | 4000-6000 | |
| डायटीशियन | 2 | - | 2 | 4000-6000 | |
| सिक अटेन्डेन्ट | 12 | - | 12 | 2550-3200 | |
| सफाई कर्मचारी | 12 | - | 12 | 2550-3200 | |
| चौकीदार | 3 | - | 3 | 2550-3200 | |
| धोबी | 1 | - | 1 | 2550-3200 | |

## सर्जिकल आंकोलोजी विभाग ... 

गन (प्रवर्तक)

आंकोलोजी विभाग के आपरेशन थियेटर हेतु पदों को स्वीकृत किये जाने के संबंध में।

| पद का नाम | मानक के अनुसार कितने पद होने चाहिये | उपलब्ध पदों की संख्या | मांगे जाने वाले पदों की संख्या | वेतनमान | औचित्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| सिस्टर | 1 | 1 | 0 | 5500-9000 | मेडिकल काउंसिल आफ इन्डिया के मानक के अनुसार सर्जिकल आंकोलोजी विभाग के आपरेशन थियेटर हेतु निम्न प्रस्ताव के अनुसार पदों का सृजन होना चाहिए उक्त आपरेशन थियेटर को संचालित करने हेतु सिस्टर, स्टाफ नर्स, सीनियर ओ.टी. टेक्नीशियन, ओ.टी.टेक्नीशियन, सिक अटेन्डेन्ट, सफाई कर्मचारी एवं धोबी आदि स्टाफ की आवश्यकता है। सिस्टर को अपने समस्त कर्मचारियों के सहयोग से कैंसर से पीड़ित मरीजों के आपरेशन हेतु, आपरेशन थियेटर तैयार करेंगी, सीनियर ओ.टी. टेक्नीशियन व ओ.टी. टेक्नीशियन आपरेशन थियेटर में आपरेशन से सम्बन्धित मशीनों का संचालन करेंगे। सिक अटेन्डेन्ट आपरेशन थियेटर में डाक्टर, सिस्टर/स्टाफ व टेक्नीशियन की सहायता करेंगे। सफाई कर्मचारी आपरेशन से पूर्व व आपरेशन के बाद आपरेशन थियेटर की सफाई का कार्य करेंगे। धोबी, आपरेशन के दौरान इस्तेमाल में लाये गये कपड़ों की सफाई का कार्य करेंगे। कृपया सर्जिकल आंकोलोजी विभाग के आपरेशन थियेटर हेतु पद स्वीकृत करने की कृपा करें। |
| स्टाफ नर्स | 4 | 3 | 1 | 5000-8000 | |
| सीनियर टेक्नीशियन | 2 | - | 2 | 4500-7000 | |
| टेक्नीशियन | 3 | 2 | 1 | 4000-6000 | |
| सिक अटेन्डेन्ट | 4 | 2 | 2 | 2550-3200 | |
| सफाई कर्मचारी | 4 | 2 | 2 | 2550-3200 | |
| धोबी | 1 | - | 1 | 2550-3200 | |

# सर्जिकल आंकालोजी विभाग किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ

आयांतागत (आवर्तक)

सर्जिकल आंकालोजी विभाग के पोस्ट आपरेटिव इन्टेनिसव केयर वार्ड हेतु पदों को सर्वीकृत किये जाने हेतु के सम्बन्ध में ।

| क्रम सं. | पद का नाम | मानक के अनुसार कितने पद होने चाहिये | उपलब्ध पदों की संख्या | मांगे जाने वाले पदों की संख्या | वेतनमान | औचित्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| 1. | टेक्नीशियन | 2 | 1 | 1 | 4000-6000 | एम.सी.आई. मानक के अनुसार सर्जिकल आंकालोजी पोस्ट आपरेटिव इन्टेन्सिव केयर वार्ड में निम्न प्रस्ताव के अनुसार पदों का सृजन होना चाहिए उक्त वार्ड में सिस्टर स्टाफ नर्स, टेक्नीशियन, सिक अटेन्डेन्ट, सफाई कर्मचारी व चौकीदार अपनी ड्यूटी चक्राक्रम में करेंगे। तथा वार्ड में भरती मरीजों के उपचार में सहायक होंगे। वार्ड के संचालन हेतु सम्बन्धित पदों की अत्याधिक आवश्यकता है। कृपया पदों को सृजित करने का कष्ट करें। |
| 2. | सिक अटेन्डेन्ट | 4 | - | 4 | 2550-3200 | |
| 3. | सफाई कर्मचारी | 4 | 1 | 3 | 2550-3200 | |
| 4. | चौकीदार | 3 | 1 | 2 | 2550-3200 | |

# सर्जिकल आंकालोजी विभाग किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ



यांजनेतर (अनावर्तक)

र्जेकल आंकालोजी विभाग हेतु पदों को स्वीकृत किये जाने के संबंध में।

| र | पद का नाम | मानक के अनुसार कितने पद होने चाहिये | वर्तमान में स्वीकृत पद | मांगे जाने वाले पदों की संख्या | वेतनमान | औचित्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| | आफिस सुपरइनटेन्डेंट | 1 | - | 1 | 4500-7000 | मेडिकल काउंसिल आफ इन्डिया मानक के अनुसार सर्जिकल आंकालोजी विभाग में निम्न प्रस्ताव के अनुसार पदों सृजन होना चाहिए। विभाग में को आफिस सुपरइनटेन्डेंट समस्त कर्मचारियों की सेवाओं का लेखा जोखा रखेंगे तथा इनकी जानकारी में समस्त कर्मचारी कार्य करेंगे। इलेक्ट्रिक मेकेनिक, वायरमैन विभाग के वार्ड, आई.सी.यू. वार्ड, आपरेशन थियेटर आदि स्थानों की बिजली का समस्त कार्य करेंगे। टेक्नीशियन मेमोग्राफी की मशीन के संचालन करने में सहायक होंगे। लैब टेक्नीशियन विभाग के समस्त मरीजों के खून व मल, मूत्र व बायप्सी आदि की जांच कराने में सहायक होंगे। टेक्नीशियन विभाग के आपरेशन थियेटर में प्रयोग में आने वाले समस्त उपकरणों को स्टेलाइज करेंगे। टेक्नीशियन आपरेशन के समय मरीजों को बेहोशी देने के संचालन में सहायक होंगे। सिक अटेन्डेन्ट, मेमोग्राफी लैब, लैब, स्टेलाइजेशन लैब, आपरेशन थियेटर आदि स्थानों पर कार्य करेंगे। |
| | इलेक्ट्रिक मेकेनिक | 1 | - | 1 | 4000-6000 | |
| | टेक्नीशियन मेमोग्राफी | 2 | - | 2 | 4000-6000 | |
| | लैब टेक्नीशियन | 2 | - | 2 | 4000-6000 | |
| | टेक्नीशियन (स्टेलाइजर) | 2 | - | 2 | 4000-6000 | |
| | टेक्नीशियन (एनेस्थीसिया) | 1 | - | 1 | 4000-6000 | |
| | स्टोर कीपर | 1 | - | 1 | 3200-4900 | |
| | रिकार्ड कीपर | 1 | - | 1 | 3200-4900 | |
| | कम्प्यूटर आपरेटर | 1 | - | 1 | 4000-6000 | |
| 0. | लेबोरेटरी असिस्टेन्ट | 5 | - | 5 | 3200-4900 | |
| 1. | सिक अटेन्डेन्ट | 1 | - | 1 | 2550-3200 | |

# सर्जिकल आंकालोजी विभाग किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

तायोजनागत (अनावर्तक)

र्जिकल आंकालोजी विभाग हेतु पदों को स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में ।

| क्रम सं. | पद का नाम | मानक के अनुसार कितने पद होने चाहिये | वर्तमान में स्वीकृत पद | मांगे जाने वाले पदों की संख्या | वेतनमान | औचित्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| | | | | | पेज 1 के अनुसार | |
| 2. | कनिष्ट लिपिक | 1 | - | 1 | 3050-4990 | रिकार्ड कीपर समस्त मरीजों के रिकाईस को क्रम संख्या से संग्रहीत करेंगे व मांगे जाने पर तुरन्त उपलब्ध करायेंगे। स्टोर कीपर सर्जिकल आंकालोजी विभाग के समस्त सामान का रख रखाव का कार्य करेंगे। कनिष्ट लिपिक विभाग की समस्त टाईपिंग का कार्य करेंगे, कम्प्युटर आपरेटर विभाग के समस्त मरीजों का डेटा, चार्ट व अन्य कम्प्युटर से सम्बन्धित कार्य करेंगे। चपरासी विभाग के कार्यो में सहायता करेंगे। चौकीदार विभाग की चौकीदारी का कार्य करेंगे। लेबोरेटरी असिस्टेंट वार्ड में मरीजों की जांच करने में सहायक होंगे। फोटोग्राफर विभाग में मरीजों की बीमारियों से सम्बन्धित फोटोग्राफी करेंगे। इलेक्ट्रिक टेक्नीशियन विभाग, वार्ड व आपरेशन थियेटर से सम्बन्धित बिजली का कार्य करेंगे बिजली जाने पर आपरेशन थियेटर में जनरेटर आपरेटर, जनरेटर से बिजली की प्रतिपूर्ति का कार्य करेंगे। अतः समस्त कर्मचारियों की विशेष आवश्यकता है। कृपया पद स्वीकृत करने की कृपा करें। |
| 3. | चौकीदार | 2 | - | 2 | 2550-3200 | |
| 4. | फोटोग्राफर | 1 | - | 1 | 3200-4900 | |
| 5. | इलेक्ट्रिक वायरमेन | 1 | - | 1 | 3050-4590 | |
| 6. | जनरेटर आपरेटर | 1 | - | 1 | 3050-4590 | |
| 7. | स्वागती | 4 | - | 4 | 3050-4590 | |
| 8. | प्लम्बर | 1 | - | 1 | 3050-45-90 | |

(जावेद एहतेशाम)
उप सचिव

शासनादेश संख्या-850/71-3-06-के0जी0-18/99टी0सी0, दिनांक मार्च, 2006 का संलग्नक-2

## सर्जिकल आंकोलोजी विभाग किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

*उपकरणों के लिए*

(1)

प्रथम चरण

आयोजनागत (अनावर्तक)

| क्रम सं. | उपकरणों का विवरण | कुल वांछित उपकरणों की मात्र | उपलब्ध उपकरण की संख्या | मांगे जा रहे उपकरणों की संख्या | खराब पड़े उपकरणों की संख्या | प्रत्येक की कीमत/धनराशि (इनवाइस के अनुसार) | मांगे जा रहे उपकरणों का पूर्ण स्पष्ट औचित्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेमोग्राफी मशीन | एक | एक | एक | एक | Rs. 30,00,000/- | मेमोग्राफी मशीन द्वारा महिलाओं के स्तन में कैंसर रोग की जाँच की जाती है। प्रदेश के सातों मेडिकल कालेजों में मात्र के.जी. मेडिकल कालेज लखनऊ के सर्जिकल आंकालोजी विभाग में मेमोग्राफी जाँच की सुविधा है। सर्जिकल आंकोलोजी विभाग में प्रदेश के कोने-कोने से आये हजारों महिलाओं के स्तन के रोगियों की जांच की जा चुकी है। वर्तमान समय में मेमोग्राफी मशीन के खराब हो जाने के कारण महिलाओं के स्तन में कैंसर रोग की जांच किया जाना सम्भव नहीं है। जिससे सैकड़ों महिलाओं के स्तन में कैंसर रोग की जांच किये बगैर वापस जाना पड़ रहा है। अतः प्रदेश की महिलाओं के स्तन में कैंसर रोग की जांच किये जाने हेतु मेमोग्राफी मशीन का क्रय किया जाना आवश्यक है। |
| 2. | लैपरोस्कोप समस्त आवश्यक उपकरणों सहित | एक | - | एक | - | Rs. 16,68,886/- | सर्जिकल आंकोलोजी विभाग में लैपरोस्कोप का होना अत्यन्त आवश्यक है। लैपरोस्कोप द्वारा पेट के अन्दर की बीमारी का निरीक्षण किया जाता है एवं आपरेशन भी सम्भव है, कई स्थितियों में लैपरोस्कोप द्वारा एक छोटे से छेद से पेट की अन्दरूनी हिस्से की सारी जानकारी मिल जाती है, जो एक बड़े आपरेशन के बाद प्राप्त होती है। अतः सर्जिकल आंकोलोजी विभाग के लिए यह एक उपयोगी उपकरण है। लैपरास्कोप को क्रय किया जाना आवश्यक है। |
| 3. | अल्ट्रासाउण्ड स्कैनर समस्त आवश्यक उपकरणों सहित | एक | - | एक | - | Rs. 12,00,000/- | अल्ट्रासाउण्ड स्कैनर द्वारा कैंसर के मरीज की बीमारी का पता शरीर के ऊपर से किया जाता है इसके द्वारा मरीज की बीमारी की विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है जिससे कैंसर के मरीज का आपरेशन/उपचार में सुविधा मिलती है। अतः अल्ट्रासाउण्ड स्कैनर सर्जिकल आंकालोजी विभाग में होना आवश्यक है। |
| | | | | | कुल योग | Rs. 58,68,886/- | |

आपातकालीन (अनावर्तक) — द्वितीय चरण

| क्रम सं. | उपकरणों का विवरण | कुल वांछित उपकरणों की मात्र | उपलब्ध उपकरण की संख्या | मांगे जा रहे उपकरणों की संख्या | खराब पड़े उपकरणों की संख्या | प्रत्येक की कीमत/धनराशि (इनवाइस के अनुसार) | माँगे जा रहे उपकरणों का पूर्ण स्पष्ट औचित्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पेज संख्या 1 के अनुसार | | Rs. 58,56,886/- | |
| 4. | हाईप्रेशर स्टरलाइजर | एक | - | एक | - | Rs. 4,50,000/- | आपरेशन करने से पूर्व आपरेशन से सम्बन्धित समस्त उपकरणों व आवश्यक सामानों का स्टर्लाइज होना आवश्यक है बिना स्टरलाइजेशन के आपरेशन का होना सम्भव नहीं है। अतः सर्जिकल आंकोलॉजी विभाग में स्टर्लाइजर का होना आवश्यक है। |
| 2. | सर्जिकल डाइथर्मी मशीन | एक | एक | एक | - | Rs. 6,00,000/- | आपरेशन करते समय शरीर के अन्दरुनी भाग में रक्त के बहाव को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए डायथर्मी मशीन का उपयोग किया जाता है। सर्जिकल आंकोलॉजी विभाग में डायथर्मी मशीन की विशेष आवश्यकता है। इसके अभाव में मरीज की मृत्यु तक हो सकती है। अतः सर्जिकल आंकोलॉजी विभाग में डायथर्मी मशीन का होना अति आवश्यक है। |
| 6. | पल्स आक्सीमीटर | एक | दो | एक | - | Rs. 1,40,000/- | आपरेशन करते समय मरीज के बेहोशी की स्थित में पल्स आक्सीमीटर द्वारा निरन्तर मरीज की जांच की जाती है। आपरेशन थियेटर में पल्स आक्सीमीटर का होना अति आवश्यक है इसके अभाव में मरीज की बेहोशी की स्थित का सही आकलन नहीं किया जा सकता। पल्स आक्सीमीटर के अभाव में मरीज की मृत्यु हो सकती है। अतः सर्जिकल आंकोलॉजी विभाग में पल्स आक्सीमीटर का होना अति आवश्यक है। |
| | ई.सी.जी. मानीटर | एक | - | एक | - | Rs. 1,30,000/- | आपरेशन के पूर्व मरीज की E.C.G. की जांच होना आवश्यक है। E.C.G. मशीन द्वारा शरीर में हो रहे रक्त संचार का वास्तविक आंकलन किया जाता है। यदि मरीज की E.C.G. की जांच ठीक नहीं है तो मरीज का आपरेशन किया जाना सम्भव न हो सकेगा। अतः सर्जिकल आंकोलॉजी विभाग में E.C.G. उपकरण का होना आवश्यक है। |
| | | | | कुल योग | | Rs. 71,88,886/- | |

सर्जिकल आंकोलॉजी वार्ड हेतु । (अनावर्तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | पेज संख्या 2 के अनुसार रु. 71,88,886/- | |
| 30 बेड वाले सर्जिकल आंकोलोजी वार्ड हेतु समस्त आवश्यक उपकरणों सहित | खर्च रु. 8,500/- प्रति बेड | रु. 02,55,000/- | सर्जिकल आंकोलोजी वार्ड में भर्ती कैंसर के मरीजों को पलंग, गद्दे, बेड शीट, आई.वी. स्टैण्ड, बेड लाकर, ट्रॉली, सक्शन मशीन, आक्सीजन, बी.पी. इन्स्ट्रूमेन्ट, आदि उपकरण उपलब्ध करे जायेंगे, कृपया प्रस्ताव स्वीकृत करने की कृपा करें । |
| | योग | रु. 74,43,886/- | |

र्जिकल आंकोलोजी विभाग हेतु । (अनावर्तक)

पेज 3 के अनुसार रु. 74,43,886/-

| क्रम सं. | उपकरण | उपकरणों की संख्या | प्रति उपकरण की धनराशि | धनराशि | औचित्य |
|---|---|---|---|---|---|
| . | एयर कन्डीशन्न | 20 | रु. 18,000/- | रु. 03,60,000/- | सर्जिकल आंकोलोजी विभाग वातानुकूलित होगा, जिससे मरीजों के इलाज में सहायता प्राप्त होगी । रेफ्रीजेरेटर में एन्‌आईर्कसर दवाओं तथा रक्त का रखरखाव किया जायेगा। विभाग में फोटो स्टेट मशीन का होना अत्यन्त आवश्यक है जिससे विभाग के फोटो स्टेट का कार्य तुरन्त हो सकेगा। कम्प्यूटर द्वारा विभाग का कार्य किया जायेगा, और इंटरनेट द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की चिकित्सा की जानकारी प्राप्त होती रहेगी। विभाग में टेलीफोन का होना अति आवश्यक है इसके द्वारा मरीजो को अपनी बीमारी हेतु, डाक्टरों से परामर्श लेने में सुविधा होगी। अतः आपसे अनुरोध है कृपया उपरोक्त उपकरणों को स्वीकृत करने की कृपा करें। |
| . | रेफ्रीजेरेटर | 15 | रु. 15,000/- | रु. 02,25,000/- | |
| . | फोटो स्टेट मशीन | 2 | रु. 85,000/- | रु. 01,70,000/- | |
| . | कम्प्यूटर (इंटरनेट सहित) | 3 | रु. 45,000/- | रु. 01,35,000/- | |
| . | टेलीफोन, फैक्स (इंटरकॉम सहित) | ९ | रु. 25,000/- | रु. 00,25,000/- | |
| | | | योग | रु. 83,58,886/- | |

(कुल रुपया तिरासी लाख उनसठ हजार मात्र)

(जावेद एहतेशाम)
उप सचिव